आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 30.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा– मेक इन इंडिया से भारत विनिर्माण का केंद्र बना है।
- प्रधानमंत्री ने लोगों से स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण और पौधारोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।
- मध्योत्तर अंडमान के कुछ पंचायतों में सदस्यों की सीट और रामकृष्णपुर में प्रधान के लिए उप–चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया।
- द्वीपसमूह के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है।
- समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत आई सी डी एस शहरी परियोजना की ओर से आज पोषण माह का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मेक इन इंडिया पहल के कारण भारत विनिर्माण शक्ति केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से निर्धन और मध्य वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बहुत फायदा हुआ है। आकाशवाणी से कल मन की बात कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कडी में प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया पहल की सफलता उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने लोगों से आने वाले त्यौहारों के दौरान देश में बने उत्पाद खरीदने का भी आग्रह किया। रोजगार में बदलावों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नये सेक्टर के उभरने के साथ–साथ रोजगार की प्रकृति भी बदल रही है। श्री मोदी ने क्रियेट इन इंडिया थीम की पच्चीस चुनौतियों के बारे में बताया।

<><><><><><><>

इस वर्ष दो अक्तूबर को दस वर्ष पूरा कर रहे स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इस मिशन की ही सफलता है कि 'कचरे से कंचन' का मंत्र लोगों

में लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब लोगों ने रिडयूस, रियूज और रिसाइकिल की बात करनी शुरू कर दी है। उन्होंने इस मिशन को जन अभियान बनाने वाले लोगों की सराहना की।

पौधरोपण महाअभियान 'एक पेड मां के नाम' में भाग लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे समाज को इसके आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं, जो प्रेरणादायी हैं।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत पर्णशाला में रामपुर–दो निर्वाचन क्षेत्र, रंगत ग्राम पंचायत में रंगत–दस, दशरथपुर ग्राम पंचायत में दशरथपुर–तीन में सदस्यों के लिए और लिटिल अंडमान के तहत ग्राम पंचायत रामकृष्णपुर में प्रधान के लिए कल उप–चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। मतदान सामग्री को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। मनारघाट ग्राम पंचायत में मनारघाट–एक निर्वाचन क्षेत्र में सदस्य को निर्विरोध चुना गया। कल हुए उप–चुनाव में शाम पांच बजे तक रंगत–दस में उनतालीस दशमलव एक तीन प्रतिशत, दशरथपुर–तीन में सत्तासी प्रतिशत, रामपुर–दो में उनहत्तर दशमलव पांच नौ प्रतिशत और रामकृष्णपुर में महिला आरक्षित सीट के लिए साठ दशमलव सात तीन प्रतिशत वोट पड़े। मतगणना कल सुबह आठ बजे से संबंधित केन्द्रों पर की जाएगी।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से द्वीपसमूह के ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पश्चिम सागर समुद्री तट में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें स्थानीय निवासी, गैर सरकारी संगठन, सी एस ओ, विभागीय कर्मचारी, छात्रों और क्षेत्र के नेताओं ने भाग लिया।

उधर, नील केन्द्र ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया है और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया। इसमें करीब तीस स्कूली छात्रों ने भाग लिया।

इस बीच, फरारगंज खंड के अंतर्गत चूनाभट्टा के बाज़ार और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और एकल इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक पर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया।

<><><><><><><>

डॉ. एस राधाकृष्णन ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गाराचरमा में दक्षिण अंडमान और विम्बर्लीगंज शैक्षिक अंचल के पीटी–पी एस टी और पीपीटी के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया गया। मॉडयूल आधारित यह कार्यशाला दो हजार तेईस के मूलभूत स्तर के विकास के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा पर केन्द्रित था। कार्यशाला का उद्घाटन मोहनपुरा स्कूल की प्रधानाध्यापिका एस भवानी ने किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के उप–निदेशक ज्ञानशील दुबे और डाईट की प्राचार्या भी उपस्थित थी। कार्यशाला के समापन अवसर पर शिक्षा उप–निदेशक एम वी जॉली ने एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए शिक्षा में मूलभूत स्तर के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर एक व्यापक शिक्षक प्रशिक्षण मॉडयूल का भी अनावरण किया गया। प्रदर्शनी में शैक्षिक खिलौनों का प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में कुल तिरसठ प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत आई सी डी एस शहरी परियोजना की ओर से आज पोषण माह का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। गर्ल्स स्कूल में आयोजित होने वाले समापन समारोह में शहरी और फरारगंज परियोजना के स्वयं सेवक समूह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायकों की ओर से स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनों को प्रदर्शित करने और उसे बेचने के लिए अपने स्टॉल लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल हमारे समुदाय के व्यंजनों, कुपोषण से निपटने के लिए द्वीपवासियों के बीच अच्छे पोषण को बढ़ावा देने के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है। कार्यक्रम शाम तीन बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

वन्य प्राणी सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में वन्य प्राणी संभाग की ओर से प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वाईल्ड लाईफ फोटोग्राफी, कैनवास आर्ट पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग पर तीन अलग–अलग श्रेणियों में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक द्वीपवासी अपनी प्रविष्टियां सीधे हैडो स्थित उप–वन पाल के कार्यालय में रेंज अधिकारी के पास या डाक कोरियर के माध्यम से आज तक पूर्ण पते के साथ जमा कर सकते है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान के डिगलीपुर में ज़िला प्रशासन द्वारा शुरू की गई कार्यक्रम "प्रयास" के तहत सीतानगर मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के छात्रों के लिए कैरियर के अवसरों पर परामर्श प्रदान

करने के लिए हाल ही में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. करिश्मा खान ने छात्रों को कड़ी मेहनत कर योजनाबद्ध रणनीति के साथ तैयारी निश्चित कर सफलता हासिल करने को कहा। उन्होंने विज्ञान के छात्रों के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न कैरियर अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। योग प्रशिक्षक सत्यवती हलदार ने सत्र का संचालन करते हुए योग के नियमित अभ्यास से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। स्कूल के प्राचार्य बलबीर सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को कैरियर कांउसिलिंग पर जागरूकता सत्र आयोजित करने के लिए ज़िला प्रशासन द्वारा की गई पहल की सराहना की। कार्यक्रम में लगभग तीन सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**<><><><><><><>**

विश्व रेबीज़ दिवस मनाए जाने के सिलसिले में पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से हाल ही में जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य कार्यक्रम जंगलीघाट स्थित पशु चिकित्सालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पालतु पशु मालिकों से पशुओं में नियमित टीकाकरण करवाने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में रेबीज़ से बचाव के लिए पालतु पशुओं में टीके लगाए गए।

**<><><><><><><>**